Accredited 'A' Grade by NAAC
SMS VARANASI SCHOOL OF MANAGEMENT SCIENCES
An Autonomous College
Approved by : AICTE, Ministry of Education, Govt. of India
Affiliated to : AKTU, Lucknow & MGKVP, Varanasi

**प्रकाशनार्थ**

## स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन।

- **कर्मचारी राज्य बीमा निगम, वाराणसी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा एवं लाभान्वित हुए**
- **ईएसआईसी के लगभग 160 लाभार्थियों ने प्राप्त की चिकित्सकीय परामर्श**

वाराणसी : स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, वाराणसी के तत्वावधान में रेनबो क्लब द्वारा स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन संस्थान के ईएसआईसी सदस्यों के लिए किया गया। यह कार्यक्रम कर्मचारी राज्य बीमा निगम, वाराणसी के सहयोग से संस्थान के ईएसआईसी सदस्यों और उनके परिवार के लिए आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर डॉ. आर.पी. सिंह, सलाहकार चिकित्सक और डॉ मनीषा, चिकित्सक सहित ई.एस.आई.सी. डिस्पेंसरी, भेलूपुर के डॉक्टरों की एक अनुभवी टीम उपस्थित रहे। डॉ. संदीप कुमार सिंह, चिकित्सक, ई.एस.आई.सी. डिस्पेंसरी, दुल्हीपुर ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि ईएसआईसी सदस्यता के तहत क्या लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं, इसके बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ई.एस.आई.सी. उन सभी अर्थिक रूप से कमजोर कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह है इसके साथ ही उन्होनें सलाह दी कि स्वास्थ्य सम्बन्धी किसी भी सलाह के लिए निःसंकोच नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर अपने कार्ड के साथ सम्पर्क करें क्योंकि स्वास्थ्य मनुष्य का अमूल्य धन है। साथ ही डॉ आर पी सिंह एवं डॉ मनीषा ने जान लेवा बीमारियों के एवं उनसे बचाव के बारे में कर्मचारियों को अवगत कराते हुए कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में हम सदस्यता का लाभ नहीं उठा पाते हैं। इसलिए आज पूरी टीम आपकी समस्याओं को हल करने के लिए मौजूद है, इसलिए अपनी सभी शंकाओं को दूर करने के लिए अपना प्रश्न पूछें और समाधान पाएं।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रोफेसर कमल शील मिश्रा, डीन और हेड कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट और कोऑर्डिनेटर रेनबो क्लब एस.एम.एस., वाराणसी के स्वागत भाषण से हुआ। इस दौरान संस्थान के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों (लगभग 160) को चिकित्सकीय परामर्श व् दवाइयाँ निशुल्क उपलब्ध कराई गयीं। अतिथियों का स्वागत संस्था के कुलसचिव श्री संजय गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी श्री अतानु मुखोपाध्याय ने किया । कार्यक्रम का संचालन एस.एम.एस. वाराणसी की सहायक प्रोफेसर श्रीमती अंजू सिंह ने किया।

**CAMPUS :** KHUSHIPUR (MOHAN SARAI-MUGHAL SARAI BYPASS), P.O. - BACHHAON, VARANASI-221011 • **Phone:** 7052055555, 8953761666, 8953940777
**CITY OFFICE :** 6th FLOOR, VINAYAK PLAZA, MALDAHIYA CROSSING, VARANASI – 221002, • **Phone:** 8400277770
**E-mail:** info@smsvaranasi.com • **Visit us:** www.smsvaranasi.com